

# अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से ...

01 जनवरी, 2025

प्रिय साथियो,

वर्ष 2024, एनएचपीसी के लिए एक ऐतिहासिक वर्ष रहा है, क्योंकि इस वर्ष 7 नवंबर को हमने 50वीं वर्षगांठ मनाई है। इस वर्ष के समापन के अवसर पर, हम अपनी महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर विचार करते हैं और एक आशाजनक भविष्य की ओर अग्रसर होते हैं। दिनांक 30 अगस्त को भारत सरकार द्वारा एनएचपीसी को 'नवरत्न' का दर्जा प्रदान किया जाना वर्ष 2024 के सबसे उल्लेखनीय क्षणों में से एक है। यह प्रतिष्ठित मान्यता भारत के ऊर्जा क्षेत्र में हमारे नेतृत्व को दर्शाती है और राष्ट्रीय संवृद्धि एवं विकास में हमारे निरंतर योगदान को रेखांकित करती है। यह सम्मान हमारी स्थिति को और सुदृढ़ता प्रदान करता है तथा उज्जवल भविष्य के लिए मंच तैयार करता है।

वर्ष 2025 में हम अपनी तीन परियोजनाओं नामत: 800 मेगावाट की पार्बती-II जलविद्युत परियोजना, 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की तीन यूनिटों और 120 मेगावाट की रंगित जलविद्युत परियोजना को चालू करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इन परियोजनाओं को समय पर चालू किए जाने को सुनिश्चित करने के लिए हमें निर्माण कार्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए समर्पित रहना चाहिए।

माह दिसंबर, 2024 के दौरान मैंने एनएचपीसी के विकास और कार्यनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए कई प्रतिष्ठित नेताओं के साथ चर्चा की:

- दिनांक 2 दिसंबर को मैंने डॉ. जितेंद्र सिंह, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) से मुलाकात की और उन्हें जम्मू-कश्मीर में एनएचपीसी की परियोजनाओं की स्थिति और आगामी योजनाओं से अवगत कराया।
- दिनांक 10 दिसंबर को मैंने महामहिम ल्योनपो लेके दोरजी, भूटान के आर्थिक मामलों के मंत्री के साथ ड्रुक ग्रीन पावर कॉरपोरेशन (डीजीपीसी) के साथ सहयोग बढ़ाने के बारे में चर्चा की। उसी दिन, मैंने आपसी हित के मामलों पर चर्चा करने के लिए श्री राजेश कुमार सिंह ,रक्षा सचिव, भारत सरकार से भी मुलाकात की।
- दिनांक 19 दिसंबर को इन्वेस्ट बिहार 2024 कार्यक्रम में मैंने राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की संभावना तलाशने के लिए श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव,माननीय ऊर्जा मंत्री, बिहार सरकार से मुलाकात की। इस कार्यक्रम के दौरान एनएचपीसी और बिहार के उद्योग विभाग ने "इन्टेन्ट फॉर इन्वेस्मेन्ट" के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से एनएचपीसी ने 5500 करोड़ रुपए के निवेश के माध्यम से बिहार में 1000 मेगावाट सौर ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन (जीएच2) मोबिलिटी पायलट परियोजनाओं को विकसित करने की इच्छा व्यक्त की है।
- दिनांक 18 दिसंबर को मैंने निदेशक (वित्त) के साथ नेपाल में एनएचपीसी की परियोजनाओं और भूटान में जलविद्युत परियोजनाओं के विकास में एनएचपीसी की भागीदारी की संभावना की समीक्षा करने के लिए श्री मुनु महावर, अपर सचिव (नार्थ), विदेश मंत्रालय, भारत सरकार से मुलाकात की।

- दिनांक 24 दिसंबर को मैंने महामहिम डॉ. आरज़ू राणा देउबा, नेपाल की विदेश मंत्री से मुलाकात की और उन्हें नेपाल में एनएचपीसी द्वारा चलाई जा रही पहलों के बारे में अवगत कराया।
- दिनांक 28 दिसंबर को मैंने 500 मेगावाट डुगर जलविद्युत परियोजना से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए श्री कुलदीप सिंह पठानिया, माननीय अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश विधानसभा से मुलाकात की।

माह दिसंबर 2024 में आयोजित प्रकाशमय 17 वें इनर्शिया अवाड्र्स में एनएचपीसी को "भारत का सर्वश्रेष्ठ हाइड्रो और नवीकरणीय ऊर्जा सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम पुरस्कार" प्रदान किया गया। जलविद्युत क्षेत्र में योगदान के लिए "हाइड्रोपावर के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड" से सम्मानित किए जाने पर भी मुझे गर्व की अनुभूति हो रही है।

माह दिसंबर, 2024 तक एनएचपीसी का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 17697 मिलियन यूनिट (एमयू) रहा है और मासिक राजस्व 615 करोड़ रूपए रहा।

दिसम्बर माह की अन्य मुख्य विशिष्टताएं इस प्रकार हैं :

- दिनांक 20 दिसंबर को एनएचपीसी ने सिक्किम में तीस्ता-V पावर स्टेशन की बहाली के कार्य में तेजी लाने के लिए केंद्रीय जल आयोग के साथ डिजाइन परामर्श की समीक्षा हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- दिनांक 11 दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश के माननीय मंत्री श्री वांगकी लोवांग ने दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना की प्रगति की समीक्षा के लिए परियोजना का दौरा किया।
- दिनांक 4 दिसंबर को एनएचपीसी की कमला जल विद्युत परियोजना द्वारा अरुणाचल प्रदेश में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर से 100 लोग लाभान्वित हुए।
- दिनांक 19 दिसंबर को पद्म भूषण प्रोफेसर (डॉ.) शिव कुमार सरीन ने हमारी 'प्रेरणा' श्रृंखला में व्याख्यान दिया और अपने ज्ञान से कार्मिकों को प्रेरित किया।
- एनएचपीसी की महिला बैडमिंटन टीम ने 29वें अंतर सीपीएसयू बैडमिंटन टूर्नामेंट में 1 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक जीता । जबकि पुरुष टीम ने टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया।
- दिनांक 3 दिसंबर को हमने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया और दिनांक 6 दिसंबर को डॉ. बी.आर. अंबेडकर को उनके 69वें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

वर्ष 2024 के समापन के अवसर पर मैं आप सभी के समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। आपकी प्रतिबद्धता एनएचपीसी के विकास को गति प्रदान कर रही है और मुझे विश्वास है कि हम आगामी वर्षों में और भी बड़ी उपलब्धियाँ प्राप्त करेंगे।

आप सभी को सफल, स्वास्थ्यप्रद और निरंतर विकास से परिपूर्ण नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं । मैं आपको और आपके परिवार के सदस्यों को मकर संक्रांति व पोंगल की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

आपका,

रा॰ कु॰ चौधरी

**(आर.के. चौधरी)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**

@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited